आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रयागराज महाकुंभ में प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक आज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत चौवन मंत्री बैठक में होंगे शामिल।
- मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चलायी जायेंगी चार सौ से अधिक विशेष ट्रेनें।
- वक्फ़ संशोधन अधिनियम–दो हजार चौबीस को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति की बैठक कल लखनऊ में सम्पन्न। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा– बजट सत्र के दौरान संसद में पेश होगी रिपोर्ट।
- अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण कार्य को मार्च तक पूरा कराने की तैयारी।

प्रदेश सरकार की विशेष कैबिनेट बैठक आज प्रयागराज में होगी। इस बैठक में शामिल होने के लिए सरकार के 54 मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पहले यह बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन महाकुंभ में पवित्र स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए बैठक स्थल बदल दिया गया।

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक दोपहर 12 बजे अरैल क्षेत्र के त्रिवेणी संकुल में होगी। बैठक के दौरान कैबिनेट द्वारा राज्य के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों और योजनाओं को मंजूरी दिए जाने की उम्मीद है। बैठक के बाद मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटरबोट द्वारा संगम तक जाएंगे। फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कैबिनेट के सदस्य त्रिवेणी संगम में पूजा–अर्चना करेंगे और पवित्र स्नान करेंगे। 2019 में कुंभ मेले के दौरान भी मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य संतों के साथ त्रिवेणी संगम में औपचारिक डुबकी लगाई थी। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज**

**********

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचेंगे। इस अवसर पर श्री शेखावत मेला क्षेत्र मे श्रीमद्भागवत पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरान्त वह संस्कार भारती पेविलियन और शोभा यात्रा का भी शुभारंभ करेंगे। 23 जनवरी को श्री शेखावत जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

**********

उन्तीस जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से विशेष ट्रेनें चलाएगा। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में इन विशेष रेलगाड़ियों के बारे में जानकारी दी।

***जो यह आंकडा दिया गया है कि आठ से नौ करोड लोग स्नान करें तो रेलवे की बहुत बडी जिम्मेदारी है। पूरे मौनी अमावस्या के जो डी माइनस वन से डी प्लस टू डेज जो पीक डेज होते हैं इनमें हम चार सौ से अधिक मेला स्पेशन रेलगाडियों का संचालन करेंगे।***

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री त्रिपाठी ने यात्रियों से अपील की कि वे अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए निर्धारित रेलवे स्टेशनों से ही यात्रा करें।

***बनारस जंक्शन के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग रामबाण और झूंसी स्टेशन से ही अपनी ट्रेन पकडे। ताकि इसके कारण फलाभ यह होगा कि प्रयागराज जंक्शन की तरफ आने वाले लोगों की संख्या भी कम होगी और यहां पे दूसरे डायरेक्शन से लोगों के लिए अधिक स्पेस क्रिएट हो सकेगा और हम दूसरे डायरेक्शन की अधिक ट्रेन चला सकेंगे।***

इस बीच, रेलवे द्वारा आज भी करीब एक दर्जन से अधिक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इनका विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी दिया गया है। प्रदेश सरकार का अनुमान है कि इस बार मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ में अमृत स्नान के लिए करीब आठ से दस करोड़ श्रद्धालु आ सकते हैं।

**********

प्रदेश के मथुरा, आगरा, इटावा, कानपुर और कौशांबी जिलों से होते हुए हरियाणा रोडवेज की विशेष बस प्रयागराज महाकुंभ नगर आएगी। यह विशेष बस सेवा महाकुंभ के लिए हरियाणा के पलवल डिपो से शुरू की गई है। यह बस प्रतिदिन सुबह आठ बजे पलवल बस डिपो से प्रयागराज के लिए रवाना होगी और अगले दिन सुबह आठ बजे प्रयागराज से वापस जाएगी। यह बस सेवा उन्तीस फरवरी तक जारी रहेगी।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के पवित्र संगम में डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में कल जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डूल्लु भी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ आना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

***लगता है की ये मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है कि मुझे यहाँ आने का मौका मिला। मैं बहुत ही खुशकिस्मत हूँ और अभी मैं आया हूँ अभी यहाँ पर स्नान होगा दर्शन भी होंगे तो मुझे लगता है कि ये एक लाइफ टाइम एक्सपीरियंस हो गया।***

**********

वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी की बैठक कल लखनऊ में हुई। बैठक में मुस्लिम धर्मगुरुओं और संगठनों से विधेयक के संबंध में सुझाव और आपत्तियां मांगी गईं।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि यह कानून बेहतरी के लिए लाया जा रहा है। कल उन्होंन ने बताया कि यह समिति अपनी रिपोर्ट संसद के बजट सत्र में पेश करेगी। बाइट.....(6–जगंदबिका पाल)

***इस जॉइंट पार्लियामेंट कमेटी की रिपोर्ट हम इकतीस से जो बजट सेशन शुरू हो रहा है उसमें हम प्रस्तुत करने जा रहे हैं। हमने अपने माननीय सांसदों से इस पर संशोधन मांगा है जो भारत सरकार ने प्रपोज 44 अमेंडमेंट किया है उस पर हमारे जो अंतिम सभी सदस्यों की लिखित क्या राय है उसके लिए फिर हमने कल तक का टाइम दिया है और फिर तेईस तारीख को उन सारे संशोधन को हम सर्कुलेट करेंगे और चौबीस पच्चीस को दिल्ली में बैठक करेंगे।***

बैठक में कमेटी ने मंत्री दानिश आजाद अंसारी, मंत्री ओपी राजभर और शिया सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड से भी सलाह ली। बैठक में जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल और सदस्य असदुद्दीन ओवैसी समेत कुल 11 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

**********

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर संबंधी निर्माण कार्य मार्च तक पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि द्वितीय तल के गर्भ गृह में आसानी से उपलब्ध न होने वाली राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रामायण को रखा जाएगा।

***हम भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल और उसके मंदिर के अन्दर आइकनोग्राफी, अन्य क्लैडिंग सभी मार्च तक पूरा कर लिया जायेगा। इसी अवधि में प्रथम तल पर जो राम दरबार वहाँ आरोप प्रतिष्ठा की जाएगी वो अभी पूर्ण हो जायेगा। इसी प्रकार जो द्वितीय तल है जिसमें गर्भ ग्रह है। वहां पर यह निर्णय वर्तमान में है कि जो भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रामायण पुस्तिका जो सामान्य रूप से प्रचलित नहीं बल्कि कहीं कहीं पर उपलब्ध है, उसे हम प्राप्त करेंगे और उसे हम द्वितीय तल के गर्भ ग्रह में रखेंगे।***

**********

संभल जिले में बीते नवंबर में सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग की टीम ने कल हिंसा ग्रस्त इलाके का दौरा किया। आयोग ने अधिकारियों और स्थानीय लोगों से बात कर घटनाक्रम की जानकारी ली। जांच आयोग में हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश डी.के. अरोड़ा, पूर्व डीजीपी ए.के. जैन और पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल रहे।

**********

शामली जिले के झिंझाना थानाक्षेत्र में स्पेशल टॉस्क फोर्स– एसटीएफ ने एक लाख के इनामी अरशद और उसके तीन सहयोगियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। सहारनपुर रेंज के डीआईजी ने बताया कि एसटीएफ की मेरठ यूनिट द्वारा सोमवार की रात में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान हरियाणा से आने वाली एक गाड़ी को रोकने पर गाड़ी से फायरिंग शुरू हो गई। जिसमें एक इंस्पेक्टर भी घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में चारो मारे गए।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत अधिकांश जिलों में कोहरा और आसमान में बादल छाए रहने से जन जीवन प्रभावित हुआ है। तापमान में गिरावट के कारण लोग ठंड से परेशान हो रहे हैं। कोहरे के चलते हवाई, रेल और सड़क यातायात पर भी असर पड़ा है।

**********